क्रमांक 62/37/2014–6जी.एस.1

प्रेषक

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

सेवा में

1. हरियाणा सरकार के सभी विभागाध्यक्ष, सभी मण्डलों के आयुक्त।
2. सभी जिला एंव सत्र न्यायाधीश, हरियाणा राज्य।
3. हरियाणा सरकार के सभी उपायुक्त और उपमण्डल अधिकारी (नागरिक)।
4. हरियाणा राज्य के सभी बोर्ड एंव निगम।
5. हरियाणा राज्य के सभी विश्वविद्यालय।

दिनांकः 31 दिसम्बर, 2014

विषयः– पानी की टैंकियों की सफाई एंव पीने के लिए सवच्छ पानी की समुचित व्यवस्था करने बारे।

महोदय/महोदया,

मुझे निर्देश हुआ है कि मैं आपका घ्यान उपरोक्त विषय की ओर दिलाते हुए सूचित करूं कि सरकार के ध्यान में आया है कि हरियाणा राज्य के विभिन्न अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों आदि पर पीने के लिए पानी जिन टैंकियों से सप्लाई किया जाता है, उनके ढक्कन खुले पड़े हैं तथा टैंकियों में काई व मिट्टी पड़ी हुई है। टैंकियों की सफाई की तरफ विभागों व संस्थानो द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता।

2. सरकार द्वारा उक्त विषय को गंभीरता से लिया गया हैं। अतः आप सभी को हिदायतें जारी की जाती हैं कि अपने अधीन कार्यालयों/हस्पतालों/स्कूलों/कालेजों/बस स्टैंण्डों, अन्य सार्वजनिक स्थानों आदि तथा जनस्वास्थय तथा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा राज्य के शहरों एंव गांवों में जहां पर भी पीने के लिए पानी टैंकियों/हौजों से सप्लाई किया जाता है उनकी नियमित अंतराल पर सफाई की समुचित व्यवस्था तथा पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

3. आपसे अनुरोध है कि इन हिदायतों की कड़ाई से अनुपालना करवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा उस संस्थान/विभाग का मुखिया/विभागाध्यक्ष इसके लिए जिम्मेवार होगा।

अवर सचिव, सामान्य प्रशासन,
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

एक प्रति सभी अतिरिक्त मुख्य सचिवों एंव प्रधान सचिवों, हरियाणा सरकार को सूचनार्थ एंव अनुपालनार्थ प्रेषित की जाती है।

अवर सचिव, सामान्य प्रशासन,
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

सेवा में

सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव एंव प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार।

अशाः क्रमांक 62/37/2014–6जी.एस.1 दिनांकः 31 दिसम्बर, 2014